भारत सरकार
रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय
औषध विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 302
दिनांक 03 फरवरी, 2023 को उत्तर दिए जाने के लिए

आन्ध्र प्रदेश में जन औषधि केन्द्र

302. **श्री मगुंटा श्रीनिवासुलू रेड्डी:**
श्री मद्दीला गुरूमूर्ति:

क्या **रसायन और उर्वरक** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) आन्ध्र प्रदेश में कितने जन औषधि केन्द्र हैं;
(ख) राज्य के आकांक्षी जिलों में ऐसे भंडारों का ब्यौरा क्या है;
(ग) क्या राज्य में और अधिक जन औषधि केन्द्र खोलने का कोई प्रस्ताव है;
(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा और इसकी वर्तमान स्थिति क्या है; और
(ङ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर
रसायन एवं उर्वरक राज्य मंत्री (श्री भगवंत खुबा)

(क) और (ख): औषध विभाग के तत्वावधान में भारतीय औषध एवं चिकित्सा उपकरण ब्यूरो इंडिया (पीएमबीआई) द्वारा कार्यान्वित प्रधानमंत्री भारतीय जनऔषधि परियोजना (पीएमबीजेपी) के अंतर्गत दिनांक 31.12.2022 तक लगभग 143 प्रधानमंत्री भारतीय जनऔषधि केंद्र (पीएमबीजेके) आंध्र प्रदेश राज्य में खोले गए हैं, जिनमें से 12 पीएमबीजेके राज्य के आकांक्षी जिलों में निम्नानुसार खोले गए हैं:

आकांक्षी जिले का नाम	पीएमबीजेके की संख्या
विशाखापत्तनम	5
विजयनगरम	4
वाई.एस.आर.	3
कुल	**12**

(ग) से (ङ): दिनांक 31.12.2022 तक की स्थिति के अनुसार, देश भर में लगभग 9,000 पीएमबीजेके खोले जा चुके हैं। मार्च 2024 तक देश भर में 10,000 पीएमबीजेके खोलने का लक्ष्य तय किया गया है, लेकिन पीएमबीजेके खोलने के लिए कोई राज्य विशिष्ट लक्ष्य नहीं है। निर्धारित लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए, पीएमबीआई ने हाल ही में देश के 651 जिलों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए हैं, जिसमें नंद्याल जिले के अतिरिक्त आंध्र प्रदेश के सभी जिले शामिल हैं।

*****